# एलान: पटना साहिब स्टेशन-पटना घाट पथ एक साल में हो जाएगा तैयार

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** जेपी गंगा पथ के अंतर्गत पटना साहिब रेलवे स्टेशन से पटना घाट तक संपर्क पथ का निर्माण एक साल में पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पथ निर्माण का कार्यारंभ किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस संपर्क पथ के निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा करायें। इस पथ के निर्माण से अशोक राजपथ एवं मारूफगंज मंडी क्षेत्र में जाम की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही जेपी गंगा पथ का एनएच-30 (पटना-बख्तियारपुर पथ) से संपर्कता प्राप्त होगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने पटना घाट, ओपी साह सामुदायिक भवन के निकट, पटना साहिब रेलवे स्टेशन के समीप पर्यटक सूचना केंद्र और पटना-बख्तियारपुर फोरलेन स्थित गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ के पास पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पथ के बन जाने से सड़कों की संपर्कता तथा जेपी गंगा पथ की उपयोगिता और बढ़ेगी। इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। इस संपर्क पथ का ठीक ढंग से निर्माण कार्य पूरा हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें।

> देखें P 07

## मुख्यमंत्री ने संपर्क पथ का कार्यारंभ किया, दिए निर्देश



जेपी गंगा पथ अंतर्गत पटना साहिब रेलवे स्टेशन से पटना घाट तक संपर्क पथ का कार्यारंभ करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। साथ में हैं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन।

# चार लेन सड़क से सफर होगा सुगम

### सम्पर्क पथ

**पटना।** पथ निर्माण विभाग अंतर्गत बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 52.54 करोड़ से पटना साहिब रेलवे स्टेशन से पटना घाट तक सम्पर्क पथ का निर्माण होना है।

इस पथ का निर्माण राज्य सरकार एवं रेलवे के बीच भूमि के परस्पर आदान-प्रदान के आधार पर किया जा रहा है। जेपी गंगा पथ तक संपर्कता प्रदान करेगा, जिसकी कुल लंबाई 1.5 किमी है। हार्डिंग पार्क स्थित राज्य सरकार की 4.80 एकड़ भूमि के बदले रेलवे की पटना घाट-पटना साहिब की 18.54 एकड़ भूमि तथा दानापुर स्टेशन के पास 9.59 एकड़ भूमि परस्पर आदान-प्रदान, मूल्यांकन पर करने एवं एमओयू प्रक्रियाधीन है।

**अशोक राजपथ पर फ्लाई ओवर बनेगा :** संपर्क पथ के अंतर्गत अशोक राजपथ पर फ्लाईओवर बनेगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विस अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, मंत्री नितिन नवीन, सीएम के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, सचिव कुमार रवि, सचिव संदीप कुमार आर पुदकलकट्टी, बी कार्तिकेय धनजी, प्रबंध निदेशक कपिल शीर्षत अशोक, डीएम चंद्रशेखर सिंह, एसएसपी आदि थे।